वीयू द्वारा रानी दुर्गावती विश्व विश्वविद्यालय के कुलपति का किया अभिनंदन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के 8 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर उनका अभिनन्दन करके भावभीनी विदाई दी गई। सर्वप्रथम माननीय कुलपति जी द्वारा प्रो. कपिल देव मिश्रा जी का स्वागत पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया। अपने उद्बोधन में माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी ने उनके कार्यकाल में किये गए कार्य की सराहना की गई, तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. कपिल देव मिश्र ने अपने में 8 वर्ष के कार्यकाल की चुनौतियां और अनुभव को साझा किया,

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक शिक्षण डॉ. सुनील नायक, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉक्टर आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. बी. रॉय, डॉ. कारमोरे, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. पी.के. सिंह डॉ. पूनम शाक्य, असिस्टेंट रजिस्टार डॉ. रामकिंकर मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा, तथा आभार प्रदर्शन डॉ. एस. के. जोशी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर